भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

**Concept paper on creative expression (short video and static post) contest**

A well informed investor is a well-protected investor. As a part of SEBI's mandate to protect the interest of the investors, SEBI undertakes many investor awareness and education initiatives like on-ground investor awareness programs, social media campaigns, etc. With a growing number of participants in the securities market – many of them first time investors – SEBI aims to equip them with the knowledge and tools to invest wisely, avoid pitfalls and understand their rights and responsibilities.

In this spirit, SEBI and NISM introduce the "SEBI Arth Yatra contest" designed to engage the public in creatively exploring key themes central to an informed Financial journey in the securities market. In this context, three sub themes are chosen, which can aid investors in this journey, viz. -

**Sub Theme 1: Invest Responsibly, Prosper Wisely**

This sub-theme highlights the fundamental principles an investor should follow in the financial journey. This includes investing as per the risk appetite, diversification of portfolio across different assets classes like stocks, bonds, gold, commodities etc. to minimise risk, maintaining appropriate asset allocation, understanding the benefits of compounding, investing with a long term perspective, doing your own research before investing etc. The objective is to communicate how disciplined and informed investment practices lead to sustainable wealth creation and financial well-being.

**Sub Theme 2: Investor-Friendly Initiatives to Empower Investors**

This sub-theme focuses on SEBI's efforts to make investing simpler, safer and more transparent. Key initiatives include –

- Digital onboarding (e-KYC),
- Investor Charter outlining rights and obligations of the investor,
- SCORES and Online Dispute Resolution (ODR) to democratise grievance redressal and dispute mechanism,
- Common simplified Nomination norms across securities market
- Centralised reporting of demise of an investor – Intimation to any one intermediary leads to intimation to all.
- MITRA platform to trace inactive and unclaimed mutual fund folios,
- UPI Valid handle and SEBI Check to verify the intermediaries[1] and their UPI IDs, QR codes, bank account details,
- Trading supported by Blocked Amount (TSBA) to facilitate blocking of funds instead of transferring them to trading member etc.

[1] For the purpose of this concept paper, intermediaries include trading members (brokers), Depository Participants (DPs), Investment Adviser (IAs) etc.

The goal is to highlight how these initiatives empower investors and build confidence in the securities market.

**Sub Theme 3: Bust the Scam**

The sub-theme aims to raise awareness about prevalent fraudulent practices in the securities market. These scams and frauds could become a roadblock in the journey of an investor which warrants investors to be aware of these scams and how to save themselves from these scams. Examples include the use of fake trading platforms/apps, advice by unregistered investment advisors, deepfake videos giving tips, misleading content and trading courses promising guaranteed returns on social media etc. The good practices to follow include engaging only with SEBI-registered intermediaries, whitelisted trading apps, secure platforms to ensure a safe investment experience etc.

Participants can find reference material on the SEBI Investor website– www.investor.sebi.gov.in

**Outline of the contest –**

a. The contest is open to all the Indian citizens.
b. The contest has two segments – Short video (Duration – 30 to 60 seconds) and Static post. Participants can participate in any of the segments.
c. The contest shall remain open from August 25, 2025 to October 15, 2025.
d. Participants can create content on all or any of the sub-themes.
e. Participants shall post short video or static post on any of their social media handles, namely, X (formerly twitter), YouTube and Instagram only.
f. A participant shall tag SEBI and NISM handles while uploading the content, mention hashtags - #SEBIArthYatraContest2025 and publish a mandatory disclaimer - "This is an entry for the contest and views are personal. This has not been approved or verified by SEBI."
g. A participant can submit more than one short video/reel or static post on different social media handles.
h. Participants can create content in multiple languages namely, Hindi, Odia, Marathi, Bengali, Gujarati, Tamil, Telugu, Kannada, Urdu, Malayalam, Punjabi, Assamese and English.
i. Once the content is uploaded and it meets the quantitative parameters, participants shall fill Submission Form.
j. Acting by humans, use of text, icons, visuals, animation, voiceover, music, memes, sounds, etc. could be used in the short video/reel. For static post, use of text, icons, stock images, visuals etc. could be used.
k. The profile of the participant should be public. Number of likes and views on the post should be visible.
l. The entries shall be judged on the following parameters-

| **Short video** | **Static post** |
|---|---|
| Adherence to the terms and conditions of the contest | Adherence to the terms and conditions of the contest |
| Qualitative parameters -<br>➢ Relevance to the theme<br>➢ Creativity<br>➢ Appropriateness in terms of the message being conveyed and adherence to guidelines<br>➢ Appeal and attractiveness of the short video | Qualitative parameters -<br>➢ Relevance to the theme<br>➢ Creativity<br>➢ Appropriateness in terms of the message being conveyed and adherence to guidelines<br>➢ Appeal and attractiveness of the static post |
| Quantitative parameter –<br>➢ For prizes, Short videos with at least 10,000 views shall be considered for prizes. | Quantitative parameter –<br>➢ For Prizes, Static post with at least 5,000 likes shall be considered for prizes. |

**<u>Terms and conditions</u> –**

a. All content submitted must be original, created by the participant, and free from plagiarism or copyright infringement.
b. The decision of the evaluation panel shall be final and binding. No correspondence will be entertained in this regard.
c. Intellectual Property Rights (IPR):
    - By submitting an entry, participants hereby grant SEBI full rights, including ownership, to use, reproduce, modify, publish, distribute, and display the content in any format or medium, as deemed fit by SEBI. No consent, credit, or compensation shall be required in such case.
    - Participants agree not to submit the same or substantially similar content to any other competition or platform or use in any other manner.
d. Disqualification:
    - Use of offensive, discriminatory, false, or misleading content will result in immediate disqualification.
    - Any violation of the contest rules or misrepresentation may lead to cancellation of entry and withdrawal of awards, as may be decided or as the case may be.
    - Incomplete or non-compliant entries may be disqualified at the discretion of jury.
e. Amendments and Cancellations:
    - SEBI reserves the right to modify the contest rules, timeline, evaluation criteria, or cancel the competition without prior notice, if deemed necessary.
    - In case, no suitable entries are found after screening or in the opinion of jury, SEBI reserves the right to not declare any winners in that category.
f. General Rules
    - The content must be relevant to themes suggested.
    - If the content includes facts or data, they must be accurate and verifiable.
    - All submissions must be free from third-party intellectual property violations.
    - Participants are expected to maintain ethical standards in creating and presenting content.
    - The content must be respectful and utmost care to be taken to ensure that no religious or regional sentiments are hurt.
    - Personal branding or logo may be avoided in the short film and static post.

g. Disclaimer
    - By submitting an entry, participants of the contest hereby irrevocably accept all the aforesaid terms and conditions.
    - SEBI shall not be held responsible for any technical issues, submission delays etc.

- The organizers shall not be liable for any claim, damage, or loss incurred by any participant due to participation or non-selection in the competition.
- All legal matters, if any, shall be subject to the jurisdiction of the courts in Mumbai, Maharashtra.

h. Recognition and Awards – Awards will be given separately for each language category and each segment (Short video and static post):

| **Winners** | **Prize money** |
|---|---|
| 1st | Rs. 2 lakh |
| 2nd | Rs. 1 lakh |
| 3rd | Rs. 50K |

Winners shall be required to submit their identity proof (for eg. Masked Aadhar card or Driving license) as proof of identity.

*****

# रचनात्मक अभिव्यक्ति (छोटे वीडियो और पोस्ट) प्रतियोगिता की रूपरेखा

जानकार निवेशक ही सुरक्षित निवेशक होता है और सेबी निवेशकों के हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है । यही वजह है कि सेबी निवेशकों को जागरूक करने और उन्हें शिक्षित करने की दिशा में हमेशा प्रयासरत रहता है, जिसके लिए निवेशक जागरूकता कार्यक्रम तो आयोजित किए ही जाते हैं और साथ ही सोशल मीडिया अभियान, आदि भी चलाए जाते हैं । प्रतिभूति बाजार यानि कि सिक्यूरिटीज़ मार्केट में निवेश करने वाले निवेशकों की तादाद लगातार बढ़ रही है और इनमें से कई निवेशक ऐसे भी हैं जो पहली बार निवेश की इस दुनिया में कदम रख रहे हैं । सेबी की यही कोशिश रहती है कि निवेशकों को निवेश से जुड़ी हर जानकारी दी जाए और साथ ही, उन्हें ऐसे टूल भी उपलब्ध करवाए जाएं जिनकी मदद से वे आसानी से सोच-समझकर निवेश कर सकें, वे धोखाधड़ी का शिकार न बने और उन्हें अपने अधिकारों और अपनी जिम्मेदारियों की पूरी जानकारी रहे ।

अपनी इसी सोच के साथ, सेबी और एन.आई.एस.एम. ने मिलकर “सेबी अर्थ यात्रा प्रतियोगिता” की शुरूआत की है । इस प्रतियोगिता के जरिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे अपनी रचनात्मक प्रतिभा का इस्तेमाल करके ऐसे वीडियो और पोस्ट बनाएँ जो लोगों को प्रतिभूति बाजार यानि कि सिक्यूरिटीज़ मार्केट में सोच-समझकर निवेश संबंधी निर्णय लेने में मदद करें । इसी संदर्भ में, तीन ऐसे विषयों का चयन किया गया है, जो निवेशकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं । ये विषय इस प्रकार हैं -

## विषय 1 : निवेश में समझदारी, सुखद भविष्य की तैयारी

इस विषय की मूल भावना यही है कि निवेशकों को निवेश करते समय बुनियादी बातों का खास ध्यान रखना चाहिए । इसका मतलब यह है कि हर निवेशक को अपनी जोखिम उठाने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए ही निवेश करना चाहिए; हमेशा अलग-अलग आस्तियों (असेट्स) जैसे कि स्टॉक, बॉण्ड, सोना, कमोडिटी आदि में निवेश करना चाहिए, ऐसा करके जोखिम को कम किया जा सकता है; बाद में चलकर भी और निवेश करते समय भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अलग-अलग आस्तियों में निवेश के सही अनुपात को बनाया रखा जाए; यह भी समझना बेहद जरूरी है कि लम्बे समय के लिए निवेश करने पर रिटर्न भी कई गुना हो जाता है, इसलिए निवेश लम्बे समय के लिए करना चाहिए; निवेश करने से पहले खुद छानबीन कर लेनी चाहिए, आदि-आदि । इसका उद्देश्य निवेशकों को यह बतलाना है कि यदि वे निवेश करते समय अनुशासन बरतेंगे और सोच-समझकर निवेश संबंधी निर्णय लेंगे, तो वे अच्छी रकम जमा कर पाएंगे और आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे ।

**विषय 2 : निवेशकों को सशक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदम**

इस विषय के जरिए निवेशकों को सेबी द्वारा उठाए गए उन कदमों की जानकारी देनी है जो सेबी ने निवेश करना आसान, सुरक्षित और पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाए हैं, जैसे -

- ई-केवाईसी लाकर निवेश की दुनिया में कदम रखना आसान बनाया गया है,
- निवेशक चार्टर जारी किए गए हैं, जिनमें निवेशकों के अधिकारों और उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई है,
- स्कोर्स और ओडीआर (विवाद सुलझाने की ऑनलाइन व्यवस्था) की व्यवस्था लाई गई है, ताकि निवेशकों की शिकायतों का निवारण किया जा सके और विवादों को सुलझाया जा सके,
- प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) से जुड़े हर क्षेत्र के लिए नॉमिनेशन संबंधी मानदंडों को आसान और एक जैसा बना दिया गया है,
- किसी निवेशक की मृत्यु की जानकारी देने के लिए केंद्रीकृत व्यवस्था बनाई गई है अर्थात् किसी निवेशक की मृत्यु हो जाने पर अब किसी एक ही इंटरमीडियरी को सूचित करना काफी है, और अपने आप ही सभी इंटरमीडियरी को इस संबंध में जानकारी मिल जाती है,
- म्यूचुअल फंडों के जो फोलियो सक्रिय नहीं हैं या जिनके संबंध में कोई दावा नहीं किया जा रहा, ऐसे फोलियो का पता लगाने के लिए मित्र (MITRA) प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई है,
- मान्य यूपीआई हैंडल और सेबी चेक की व्यवस्था की गई है, ताकि इंटरमीडियरीज़[1] और उनकी यूपीआई आईडी, क्यूआर कोड, बैंक खाते संबंधी ब्यौरों की जाँच की जा सके,
- ट्रेडिंग करने के लिए अब पैसा ट्रेडिंग मेम्बर के खाते में अंतरित नहीं करना पड़ता बल्कि निवेशक के ही खाते में पैसा ब्लॉक हो जाता है । ऐसा करने के लिए टी.एस.बी.ए. (ट्रेडिंग स्पोर्टेड बाइ ब्लॉक्ड अमाउण्ट) की व्यवस्था की गई है ।

इसका उद्देश्य निवेशकों को यह बतलाना है कि निवेशकों को सशक्त बनाने की दिशा में सेबी ने कौन-कौन से कदम उठाए हैं और इस प्रकार प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) पर निवेशकों का भरोसा बढ़ाना है ।

[1] इस प्रतियोगिता की रूपरेखा के संबंध में, इंटरमीडियरीज़ में ट्रेडिंग मेम्बर (दलाल), डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी), निवेश सलाहकार (आईए), आदि शामिल हैं ।

**विषय 3 : धोखाधड़ी का करें पर्दाफाश**

इस विषय का उद्देश्य प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) में हो रही धोखाधड़ी के बारे में निवेशकों को आगाह करना है । प्रतिभूति बाजार में हो रही धोखाधड़ी निवेश की राह में रोड़ा बन सकती है, इसलिए यह बेहद जरूरी है कि निवेशकों को बाजार में हो रही धोखाधड़ी के बारे में पता रहे और उन्हें यह भी पता हो कि वे कैसे धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकते हैं । धोखाधड़ी करने के इरादे से नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म / ऐप बनाए गए हैं, ऐसे लोगों द्वारा निवेश संबंधी सलाह दी जा रही है जो सेबी से रजिस्टर नहीं हैं, डीपफेक वीडियो बनाए जा रहे हैं जिनमें निवेशकों को निवेश करने की सलाह दी जा रही है, सोशल मीडिया, आदि पर गुमराह करने वाली जानकारी अपलोड की जा रही है और ट्रेडिंग कोर्स चलाए जा रहे हैं जिनमें तयशुदा मुनाफे का वादा किया जा रहा है । निवेशकों को हमेशा सेबी से रजिस्टर इंटरमीडियरीज़ के साथ ही लेनदेन करना चाहिए, उन्हें व्हाइटलिस्ट किए हुए ट्रेडिंग ऐप या ट्रेडिंग प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि वे धोखाधड़ी के शिकार न बनें ।

प्रतियोगियों को इससे संबंधित सामग्री सेबी की निवेशक वेबसाइट (www.investor.sebi.gov.in) पर मिल जाएगी ।

**<u>प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी</u> -**

क. इस प्रतियोगिता में सभी भारतीय नागरिक भाग ले सकते हैं ।

ख. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए या तो छोटे वीडियो (30 सेकेंड से 60 सेकेंड का) बनाएं

या फिर पोस्ट बनाएं ।

ग. इस प्रतियोगिता में 25 अगस्त, 2025 से 15 अक्टूबर, 2025 तक भाग लिया जा सकता है ।

घ. प्रतियोगी एक या एक से अधिक विषयों पर वीडियो या पोस्ट बना सकते हैं ।

ङ. प्रतियोगियों को छोटे वीडियो या पोस्ट अपने सोशल मीडिया हैंडल जैसे कि एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था), यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर डालने होंगे ।

च. पोस्ट डालते समय सेबी और एन.आई.एस.एम. हैंडल को टैग करना होगा और इस हैशटैग का इस्तेमाल करना होगा - #SEBIArthYatraContest2025 । कोई भी सामग्री पोस्ट करते समय प्रतियोगी को यह दावात्याग करना होगा - "यह सामग्री प्रतियोगिता में भाग लेने के उद्देश्य से बनाई गई है और इसमें व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं । इसे न

तो सेबी से मंजूरी मिली है और न ही सेबी द्वारा इसे सत्यापित किया गया है ।"

छ. प्रतियोगी अलग-अलग सोशल मीडिया हैंडल पर एक से अधिक छोटे वीडियो / रील या पोस्ट डाल सकते हैं ।

ज. प्रतियोगी कई भाषाओं में सामग्री बना सकते हैं जैसे कि हिन्दी, उड़िया, मराठी, बांग्ला, गुजराती, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, उर्दू, मलयालम, पंजाबी, असमिया और अंग्रेजी ।

झ. अपने वीडियो को 10,000 बार देखे जाने या पोस्ट को 5,000 बार लाइक किए जाने के बाद, प्रतियोगी आवेदन फॉर्म भर सकते हैं ।

ञ. प्रतियोगी वीडियो या रील बनाने के लिए अभिनय कर सकते हैं, लिखकर संदेश दे सकते हैं, आइकॉन का इस्तेमाल कर सकते हैं, विज्युअल दिखा सकते हैं, एनीमेशन डाल सकते

है, बोलकर (वॉइस-ओवर के जरिए) संदेश दे सकते हैं और म्यूजिक, मीम, साउंड आदि का भी इस्तेमाल कर सकते हैं । इसी तरह, पोस्ट बनाने के लिए टेक्स्ट, आइकॉन, स्टॉक इमेज, विज्युअल का इस्तेमाल किया जा सकता है ।

ट. प्रतियोगी की सोशल मीडिया प्रोफाइल पब्लिक होनी चाहिए । यह पता चलना चाहिए कि प्रतियोगी द्वारा डाले गए पोस्ट को कितने लोगों ने लाइक किया है या बनाए गए वीडियो को कितनी बार देखा गया है ।

ठ. प्रविष्टियों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों के मद्देनज़र किया जाएगा -

| **छोटे वीडियो** | **पोस्ट** |
|---|---|
| प्रतियोगिता से संबंधित शर्तों आदि का पालन किया गया है या नहीं | प्रतियोगिता से संबंधित शर्तों आदि का पालन किया गया है या नहीं |
| वीडियो बनाने संबंधी मानदंड<br>➢ वीडियो विषय को ध्यान में रखकर बनाई गई है या नहीं<br>➢ वीडियो मौलिक है या नहीं<br>➢ वीडियो के जरिए दिया गया संदेश सही है या नहीं और दिशानिर्देशों का पालन किया गया है या नहीं<br>➢ वीडियो आकर्षक है या नहीं | पोस्ट बनाने संबंधी मानदंड<br>➢ पोस्ट विषय को ध्यान में रखकर बनाई गई है या नहीं<br>➢ पोस्ट मौलिक है या नहीं<br>➢ पोस्ट के जरिए दिया गया संदेश सही है या नहीं और दिशानिर्देशों का पालन किया गया है या नहीं<br>➢ पोस्ट आकर्षक है या नहीं |
| वीडियो देखे जाने संबंधी मानदंड -<br>➢ पुरस्कार के लिए केवल उन वीडियो पर विचार किया जाएगा, जिन्हें कम से कम 10,000 बार देखा गया हो । | पोस्ट देखे जाने संबंधी मानदंड -<br>➢ पुरस्कार के लिए केवल उन पोस्ट पर विचार किया जाएगा, जिन्हें कम से कम 5,000 बार लाइक किया गया हो । |

**प्रतियोगिता से संबंधित शर्तें आदि -**

क. अपलोड किए गए वीडियो या पोस्ट प्रतियोगियों की अपनी मौलिक रचना होनी चाहिए, न कि किसी दूसरे वीडियो या पोस्ट की नकल या उन पर आधारित । इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि कॉपीराइट संबंधी नियमों आदि का उल्लंघन न हो रहा हो ।

ख. मूल्यांकन करने वाले पैनल का निर्णय ही अंतिम होगा । इस संबंध में पुनर्विचार नहीं किया जाएगा ।

ग. बौद्धिक संपदा अधिकार:

- यदि आप इस संबंध में कोई प्रविष्टि भेजते हैं, तो यह मान लिया जाएगा कि आप सेबी को उस प्रविष्टि के संबंध में हर तरह का अधिकार सौंप रहे हैं, जैसे कि स्वामित्व का अधिकार, उसके इस्तेमाल का अधिकार, उसमें बदलाव करने का अधिकार, उसे प्रकाशित करने का अधिकार, किसी और को सौंपने का अधिकार या उसे किसी और फॉर्मेट में या किसी अन्य माध्यम से प्रदर्शित करने का अधिकार । ऐसा करने के लिए न तो आपकी सहमति लेनी होगी, न तो आप के नाम का कहीं जिक्र किया जाएगा और न ही इसके लिए आपको कोई मुआवजा आदि ही दिया जाएगा ।
- प्रतियोगी इस बात के लिए अपनी सहमति देते हैं कि वे इस प्रतियोगिता के लिए भेजी गई सामग्री या इससे काफी हद तक मिलती-जुलती सामग्री किसी और प्रतियोगिता के लिए नहीं भेजेंगे या उसका इस्तेमाल किसी और प्लेटफॉर्म पर या किसी और तरीके से नहीं करेंगे ।

घ. प्रतियोगिता से बाहर करना:

- यदि आप आपत्तिजनक, भेदभावपूर्ण, झूठी या गुमराह करने वाली सामग्री का इस्तेमाल करेंगे, तो आपको इस प्रतियोगिता से तुरंत बाहर कर दिया जाएगा ।
- यदि प्रतियोगिता से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया जाता है या कोई गलतबयानी की जाती है, तो यथास्थिति लिए गए निर्णय के अनुसार प्रविष्टि को रद्द कर दिया जाएगा और पुरस्कार वापस ले लिया जाएगा ।
- यदि प्रविष्टि अधूरी हो या फिर नियमों को पालन नहीं किया गया हो, तो निर्णायकगण ऐसी प्रविष्टि पर विचार नहीं भी कर सकते हैं ।

ङ. संशोधन और रद्द करना

- सेबी जरूरत पड़ने पर बिना कोई सूचना दिए ही प्रतियोगिता के नियमों, उसकी समय-सीमा, मूल्यांकन संबंधी मानदंडों में बदलाव कर सकता है या पूरी प्रतियोगिता ही रद्द कर सकता है ।
- यदि निर्णायकगण को जाँच के बाद ऐसा लगता है कि कोई भी प्रविष्टि उपयुक्त नहीं है, तो ऐसे में सेबी के पास यह अधिकार होगा कि वह उस श्रेणी में कोई भी विजेता घोषित न करे ।

च. सामान्य नियम

- वीडियो या पोस्ट दिए गए विषयों से संबंधित होने चाहिए ।
- यदि वीडियो या पोस्ट में तथ्य या आँकड़े दिए गए हों, तो वे सही होने चाहिए और साथ ही, ऐसे होने चाहिए कि उनकी जाँच की जा सके ।
- प्रविष्टियाँ ऐसी होनी चाहिए कि उनसे किसी और के बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन न होता हो ।
- प्रतियोगियों से अपेक्षा है कि वे वीडियो या पोस्ट बनाते समय या उसे प्रस्तुत करते समय नैतिक मूल्यों का पूरा-पूरा ध्यान रखें ।
- सामग्री बनाते समय शिष्टता एवं शालीनता का ध्यान रखा जाए और इस बात का भी बखूबी ध्यान रखा जाए कि उससे किसी की धार्मिक या क्षेत्रीय भावना आहत न हो ।
- छोटी फिल्म या पोस्ट बनाते समय अपने ब्रांड या लोगो का प्रचार नहीं करना है ।

छ. दावात्याग

- यदि आप इस प्रतियोगिता में अपनी प्रविष्टि भेजते हैं, तो यह मान लिया जाएगा कि आपको इस प्रतियोगिता से संबंधित उपरोक्त सभी शर्तें स्वीकार हैं ।
- किसी तकनीकी खामी या प्रविष्टि प्रस्तुत करने में देरी, आदि के लिए सेबी जिम्मेदार नहीं होगा ।
- यदि किसी प्रतियोगी को इस प्रतियोगिता में भाग लेने की वजह से या इस प्रतियोगिता में उसका चयन न होने की वजह से कोई नुकसान होता है या यदि वह ऐसा कोई दावा करता है, तो उसके लिए प्रतियोगिता के आयोजक जिम्मेदार नहीं होंगे ।
- इस प्रतियोगिता से संबंधित मामलों में मुकदमे मुंबई, महाराष्ट्र के न्यायालयों में ही चलेंगे ।

ज. सम्मान और पुरस्कार - हर भाषा और हर खंड (छोटे वीडियो और पोस्ट) के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था है ।

| **विजेता** | **पुरस्कार की रकम** |
|---|---|
| प्रथम | रु. 2,00,000/- |
| द्वितीय | रु. 1,00,000/- |
| तृतीय | रु. 50,000/- |

विजेताओं को अपनी पहचान के सबूत के तौर पर मास्क्ड आधार कार्ड (जिस आधार कार्ड में आधार नंबर को आंशिक रूप से छिपाया गया हो) या ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति प्रस्तुत करनी होगी ।

*****